संख्या-17/2026/I/1285652 /2026/396-2026-23-10099(099)/20/2025

प्रेषक,

अभय प्रताप श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-10 **लखनऊ: दिनांक 31-03-2026**

विषय- सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त होने एवं कोषागार आधारित ऑनलाईन बजटीय प्रणाली लागू होने के फलस्वरूप लोक निर्माण विभाग कार्य पर भारित करके आई0ओ0सी0एल0/लैप्स से प्राप्त धनराशि को राजकोष में जमा करने के पश्चात कार्यों के भुगतान हेतु धनावंटन प्रस्ताव के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1) (बजट "क" वर्ग), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-5847बी0जी0/आई0ओ0सी0एल0/2025-26, दिनांक 28.08.2025, पत्र संख्या-1545बी0जी0जी0/07 बी0-आई0ओ0सी0एल0/2025-26, दिनांक 18.03.2026, पत्र संख्या-12266बी0जी0/07बी0-पर्यटन लैप्स मांग प्रस्ताव/2025-26, दिनांक 30.03.2026 एवं अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, महराजगंज के पत्र संख्या-635/15 लेखा/2026, दिनांक 25.03.2026 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त होने एवं कोषागार आधारित ऑनलाईन बजटीय प्रणाली लागू होने के फलस्वरूप लोक निर्माण विभाग में प्रचलित विभिन्न योजनाओं के कार्यों पर भारित कर बिटुमिन क्रय हेतु किये गये भुगतान के समायोजन हेतु आई0ओ0सी0एल0 में जमा की गयी धनराशि के सापेक्ष आई0ओ0सी0एल0 से प्राप्त कर कोषागार में जमा की गयी धनराशि की मांग के सम्बन्ध में अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक दिनांक 25.04.2025 के निर्गत कार्यवृत्त दिनांक 02.05.2025 यथासंशोधित दिनांक 14.05.2025 में उल्लिखित निर्देशों के आलोक में प्रदेश के महत्वपूर्ण मार्गो/सेतुओं तथा मार्गों पर प्रवेश द्वार की स्थापना एवं अन्य सौन्दर्यीकरण के कार्य तथा धार्मिक स्थलों को मुख्य मार्गो से जोडने हेतु मार्गो के निर्माण, चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य योजनान्तर्गत देवीपाटन क्षेत्र (गोण्डा) के जनपद बहराइच के 07 एवं गोरखपुर क्षेत्र के जनपद महराजगंज के 02 अर्थात कुल 09 कार्यों की धनराशि रू0 84.11 लाख (रूपये चौरासी लाख ग्यारह हजार मात्र) को निम्नलिखित विवरण तथा शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन अवमुक्त किए जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं :-

(धनराशि लाख रूपये में)

क्र0	क्षेत्र का नाम	खण्ड/जनपद का नाम	योजना का नाम	कार्य का नाम	अनुदान संख्या-58 में वित्तीय वर्ष 2025-26 में आई0ओ0सी0एल0/ लैप्स के अन्तर्गत आवंटित धनराशि
1	गोरखपुर	प्रान्तीय खण्ड, महाराजगंज	पर्यटन	निचलौल बैदौली झुलनीपुर मार्ग का कार्य।	26.00
2	गोरखपुर	प्रान्तीय खण्ड, महाराजगंज	पर्यटन	झुलनीपुर चन्दा गुलरभार मार्ग का कार्य।	26.00

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3	देवीपाटन क्षेत्र (गोण्डा)	निर्माण खण्ड-1, बहराइच	पर्यटन	जनपद बहराइच में जगतापुर में हनुमान मंदिर तक सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण का कार्य। ग्रामीण मार्ग, लम्बाई 0.10 किमी	0.79
4	देवीपाटन क्षेत्र (गोण्डा)	निर्माण खण्ड-1, बहराइच	पर्यटन	जनपद बहराइच में भिलौरा बासू से डण्डी यढड्डी गुरुद्वाराद्ध मंदिर तक सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण का कार्य। ग्रामीण मार्ग, लम्बाई 1.20 किमी	4.22
5	देवीपाटन क्षेत्र (गोण्डा)	निर्माण खण्ड-1, बहराइच	पर्यटन	जनपद बहराइच में नन्दवल में जागेश्वरीपुरी मंदिर मठ तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण का कार्य। ग्रामीण मार्ग लम्बाई 0.40 किमी	0.92
6	देवीपाटन क्षेत्र (गोण्डा)	निर्माण खण्ड-1, बहराइच	पर्यटन	जनपद बहराइच में जीरूपुरवा सम्पर्क मार्ग से बभनपुरवा में स्थित रामजानकी मंदिर होते हुए बड़कदास कुट्टी तक सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण	7.52
7	देवीपाटन क्षेत्र (गोण्डा)	निर्माण खण्ड-1, बहराइच	पर्यटन	जनपद बहराइच में ज्ञानापुर सम्पर्क मार्ग धरमंगत होते हुए जगमरवा बाबा मंदिर तक सम्पर्क मार्ग के नव निर्माण का कार्य। लम्बाई 1.700 किमी	12.89
8	देवीपाटन क्षेत्र (गोण्डा)	निर्माण खण्ड-1, बहराइच	पर्यटन	जनपद बहराइच तत्पेसिपाह में बावन बाबा मंदिर शिव मंदिर तक सम्पर्क मार्ग के नव निर्माण का कार्य। ग्रामीण मार्ग, लम्बाई 0.700 किमी	2.97
9	देवीपाटन क्षेत्र (गोण्डा)	निर्माण खण्ड-1, बहराइच	पर्यटन	जनपद बहराइच जरवल गण्डारा अ०जि०मा० के आगे हिसामपुर मार्ग से शिव मंदिर तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण का कार्य। ग्रामीण मार्ग लम्बाई 1 किमी0	2.80
				योग-	**84.11**

<u>नियम व शर्तें/प्रतिबन्धों</u>

(1) प्रश्नगत चालू कार्य हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/ उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ ज्ञापों में उल्लिखित शर्तों के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नंगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यों के संपरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) अवमुक्त की जा रही धनराशि के व्यय से पूर्व उपरोक्त परियोजना के संबंध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक शासनादेश की समस्त शर्तों एवं प्रतिबन्ध का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

(4) लोक निर्माण विभाग में सी०सी०एल० प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से संबंधित बजट के ऑन-लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी०डी०ओ० कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी०सी०एल० प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के संबंध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13.04.2022 एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2022/ए-2-133/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 18.08.2022 में निहित व्यवस्था/शर्तों का अनुपालन किया जायेगा।

(5) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय किए जाने से पूर्व वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक-27-मार्च, 2025 में निहित निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-बी-2-2528/दस-2014-10/77, दिनांक 26.08.2014 में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(7) दर्शाये गये आवेदन एवं व्यय आदि के सम्बन्ध में यदि पूर्व में प्रेषित सूचना इससे भिन्न पायी जाती है, तो पूर्व में त्रुटिपूर्ण सूचना देने वाले अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

(8) मूल प्राविधिक लागत पर 5 प्रतिशत/7.5 प्रतिशत/15 प्रतिशत के व्ययाधिक्य की मांग के अन्तर्गत उपरोक्त कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा और इसी कार्य का पुनरीक्षित आगणन नहीं बनाया जायेगा और न ही अतिरिक्त मांग भविष्य में की जायेगी।

(9) वर्क्स/रेमिटान्स विभाग यह अवश्य सुनिश्चित करेंगे कि अवशेषों के निस्तारण/समायोजन के लेखांकन में पूर्ण शुद्धता एवं पारदर्शिता हो तथा जिन कार्यों पर अवशेषों की बुकिंग/लेखांकन किया जा रहा है, उन पर किसी प्रकार का दोहराव (Duplicacy) न हो।

(10) कोषागारों को बजटीय प्रणाली के अंतर्गत भेजे जाने वाले बिलों की शुद्धता एवं पारदर्शिता का पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित खण्ड एवं आहरण वितरण अधिकारी का है। वह यह भी सुनिश्चित करेंगे कि कोषागारों को भेजे जाने वाले बिलों में किसी प्रकार की अवशेष धनराशि वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2022/ए-2-133/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 18.08.2022 के बिंदु (क) तथा बिंदु (ग) के अनुसार सम्मिलित नहीं है।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 84,11,000 (रुपये चौरासी लाख ग्यारह हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-2026 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 058 लेखा शीर्षक 5054043371349 प्रदेश के महत्वपूर्ण मार्गों/सेतुओं तथा मार्गों पर प्रवेश द्वार की स्थापना एवं अन्य सौंदर्यीकरण के कार्य तथा धार्मिक स्थलों को मुख्य मार्गों से जोड़ने हेतु मार्गों के निर्माण, चौड़ीकरण/सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य मानक मद 24 वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक-27-मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय
अभय प्रताप श्रीवास्तव
अनु सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) निजी सचिव, मा0 मंत्री, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
(2) निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
(3) महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
(4) महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/ द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
(5) सम्बन्धित मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी।
(6) मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(7) वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
(8) सम्बन्धित मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
(9) सम्बन्धित वरिष्ठ कोषाधिकारी/ कोषाधिकारी।
(10) संबंधित अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग।
(11) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ०प्र० शासन।
(12) राज्य योजना आयोग-1/2, उत्तर प्रदेश शासन।
(13) अधीक्षण अभियंता, नियोजन/ परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
(14) लोक निर्माण अनुभाग-1/9/11/12 एवं 14, उत्तर प्रदेश शासन।
(15) नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेंट सिस्टम), लो०नि०वि०, उ०प्र० शासन।
(16) गार्ड फाईल।

आज्ञा से
अभय प्रताप श्रीवास्तव
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।